Ramleela Celebration

Published on October 4, 2019 in the newspaper EVEREADY NEWS

Students of classes Nursery to IV participated in the annual Ramleela presentation.

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में राम लीला का मंचन किया गया

लखनऊ (एवरीडे न्यूज)। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा शुक्रवार को भगवान राम के जीवन पर आधारित राम लीला का मंचन किया गया जिसमें कक्षा दो से चार तक के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रचना मिश्रा के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। रामलीला के मुख्य दृश्यों में राम-सीता विवाह राम वन गमन सीता हरण लंका दहन राम रावण युद्ध आदि थे। मुख्य पात्रों में राम के रूप में शौर्य सक्सेना शाश्वत सिंह सीता के रूप में उम्मा कुलसुम कुरैशी व त्रिषी चौधरी रहे। अन्य पात्रों में लक्ष्मण के किरदार में अक्षत ओझा हनुमान के किरदार में अयान तिवारी आदि रहे। कार्यक्रम का अंत आदरणीय प्रधानाचार्या रचना मिश्रा के बहुमूल्य जीवन परक संदेश द्वारा किया गया। विद्यालय प्रांगण में रावण दहन का भी आयोजन किया गया इसी शुभ संदेश के साथ की बुराई पर सदैव अच्छाई की विजय होती रहे।